## विचार बिन्दु

**त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी**

# बारिश हो रिमझिम रिमझिम तो बढ़े भूजल का स्तर

श्रावण का महिना और रिमझिम रिमझिम बरसात आज बीते जमाने की बात हो गई है। सही मायने में देखा जाए तो पिछले दो–तीन दशक की पीढ़ी तो रिमझिम बरसात या यों कहे कि सावन की झड़ी को तो देखना दूर की बात, जानती भी नहीं होगी। एक समय था जब श्रावण में बरसात की झड़ी लग जाती थी और कई कई बार तो तीन–तीन, चार–चार दिन तक भगवान भास्कर के दर्शन मात्र को तरश जाते थे। इससे होता क्या था झरी लगती थी तो पानी सीधे जमीन में जाता था, जमीन की प्यास बुझती थी और जब प्यास बुझने लगती तो भूजल का स्तर बढने लगता था। आज हालात दूसरे हैं। तेज बरसात आती हैं और बरसात का पानी भूमि की प्यास बुझाने के स्थान पर बह कर चला जाता है। कहने को तो वर्षा का ओसत तो पूरा दिखाई दे जाता हैं, सामान्य वर्षा के आंकड़ें भी पूरे हो जाते हैं पर बरसात का अधिकांश पानी बह कर निकल जाता है या फिर बाढ़ या शहरों की खराब ड्रेनेज व्यवस्था के कारण एकत्रित हो जाता है और फिर मक्खी–मच्छरों का स्थल बनकर बीमारी का प्रमुख कारण बन जाता है। क्योंकि अब तो रिमझिम बरसात का स्थान तेज वर्षा लेती जा रही है, एक दिन में ही रेकार्ड बरसात के समाचार आते हैं और इस कारण पानी भूजल स्तर को बढ़ाने की जगह बह जाता है।

दरअसल यह सब जलवायु परिवर्तन का कारण है तो दूसरी और अंधाधुंध पेड़ों की कटाई, वनों और गांवों को शहरों में तब्दील कर कंक्रिट का जंगल विकसित करने और इससे भी दो कदम आगे प्राकृतिक जल स्रोतों को नष्ट करना या उन्हें लगभग समाप्त कर कॉलोनियां विकसित कर देना रहा है। दरअसल हमारे वास्तुकारों ने शहरों को डिजाइन करते समय यह सोचा ही नहीं की पानी संग्रहण के लिए भी कोई जगहें विकसित हो। यह तो उनके दिमाग में ही नहीं रही। बाकी कसर शहरों में कच्ची जगह तो छोड़ने के प्रयास ही नहीं हुए यहां तक कि फुटपाथ तक पक्के कर दिए गए और सड़क किनारे लगे पेड़ों को भी चारों तरफ से पक्का कर दिया गया ताकि पानी भूमि में कहीं से जा ही नहीं सकें। अन्य कारणों के साथ यह भी एक बड़ा कारण है कि मौसम चक्र पूरी तरह से गड़बड़ाता जा रहा है। सर्दी में सर्दी नहीं, गर्मी में गर्मी नहीं और बरसात में बरसात के हालात नहीं दिखाई देने लगे हैं। हांलाकि आज मानसून के प्रेडिक्शन यानी की संभाव्यता तो लगभग सही सही बताई जाने लगी है पर प्रकृति ने जो अपना खेल दिखाया है वह अपने आप में गंभीर और चिंतनीय है। ऐसा नहीं है कि हालात जानते या समझते नहीं हो, और हालात पर चर्चा करने के लिए दुनिया के देशों के दिग्गज बैठते भी हैं और चर्चा भी करते हैं, कागजों में बड़ी–बड़ी रिपोर्ट और रोडमैप भी बनते हैं पर परिणाम सामने हैं।

**आज पीने के पानी से कई गुणा पानी तो हमें फ्लस के लिए चाहिए। कूलर के लिए चाहिए। किचन गार्डन के लिए चाहिए। यानी कि पानी पीने के लिए उपयोग में आने की तुलना में कई गुणा अधिक अन्य कार्यो में हो रहा है। आवश्यकता इस तरह के फ्लस सिस्टम या अन्य विकल्पों के खोज की है जिससे हालात में सुधार हो।**

एक पहलू यह भी है कि भूजल का अत्यधिक दोहन किया गया और यह आज भी बदस्तूर जारी है। कम पानी वाले फसल चक्र के बारें में समय पर सोचा ही नहीं गया। जमीन से पानी खिंचने के लिए पहले कुएं होते थे, उनसे उतना ही पानी निकलता था जितना रिचार्ज हो जाता था, पर कुओं का स्थान बोरिंग और बोरवेल ने ले लिया और धरती में समाये पानी को निचोड़ने में कोई कमी नहीं छोड़ी। ऐसा नहीं है कि समस्या की गंभीरता से अनविज्ञ रहे हो पर जो उपाय किये गये वह नाकाफी होने के साथ ही कारगर सिद्ध नहीं हुए। पिछले तीन–चार दशक से शहरों में वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम सरकार स्तर पर बनाने के साथ ही कोलोनाइजर्स को बनाने को कहा जाता रहा और आज भी कहा जा रहा है पर उसकी पोल इसी से पूरी हो जाती है कि कहने को तो वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम बना दिये, पैसे भी पूरे लग गए पर उनका स्ट्रक्चर जाने–अनजाने ऐसे बन गए कि यह तो वे उंचे बन गए, उन तक पानी पहुंचने की संभावनाएं न्यूनतम रह गई या फिर ऐसी जगह बना दिये गये जहां उनकी उपयोगिता ही नहीं रही। आखिर यह सब कुछ सुनियोजित विकास के नाम पर अनियमित विकास हो कर रह गया। आज बैंगलोर में लोग पानी के लिए तरश रहे हैं। कमोबेस यही हालात देश के अधिकांश हिस्सों में हो रहे हैं या होने की तैयारी में हैं। हालात साफ है धरती को पानी संजोने के लिए मिल ही नहीं रहा। कारण साफ है विकास और सुविधाओं के विस्तार के नाम पर उसके पड़ने वाले साइड इफेक्ट के बारे मेंं तो समय पर सोचा ही नहीं गया। आज पीने के पानी से कई गुणा पानी तो हमें फ्लस के लिए चाहिए। कूलर के लिए चाहिए। किचन गार्डन के लिए चाहिए। यानी कि पानी पीने के लिए उपयोग में आने की तुलना में कई गुणा अधिक अन्य कार्यों में हो रहा है। आवश्यकता इस तरह के फ्लस सिस्टम या अन्य विकल्पों के खोज की है जिससे हालात में सुधार हो। हो क्या रहा है मोटा पैसा खर्च करके एसटीपी बनाये जा रहे हैं। पानी रिसाईकिल का ट्रिटमेंट कर दूसरे कामों में उपयोग करने की भी योजनांएं बनती है। पर कहीं ना कहीं शहरों में थोड़ी–थोड़ी दूरी पर पानी संग्रहण के स्रोत विकसित करने ही होंगे ताकि भूजल का स्तर बढ़ सके। इसके साथ ही भूजल के अत्यधिक दोहन को रोकना ही होगा और ऐसी तकनीक विकसित करनी होगी जिससे पेयजल के अतिरिक्त अन्य कार्यों में पानी का सीमित उपयोग करते हुए बेहतर परिणाम प्राप्त कर सके।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल गुरूवार 1 अगस्त, 2024



पंडित अनिल शर्मा

सावन मास, कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, मृगशिरा नक्षत्र दिन 10:2 तक, व्याघात योग दिन 12:50 तक, तैतिल करण दिन 3:29 तक, चन्द्रमा आज मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कर्क, चन्द्रमा–मिथुन, मंगल–वृष, बुध–सिंह, गुरू–वृष, शुक्र–सिंह, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज प्रदोष व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:35 तक, चर 10:53 से 12:33 तक, लाभ–अमृत 12:33 से 3:52 तक, शुभ 5:21 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:55, सूर्यास्त 7:11

**मेष**
मेष: परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बना रहेगा।

**धनु**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को बाहर जाना पड़ सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में शुभ–मांगलिक संदेश प्राप्त हो सकते हैं।

**मकर**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**तुला**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियों के कारण मानसिक तनाव बना रहेगा। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

**वृश्चिक**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा नहीं है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**मीन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद बढ़ सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण में गंभीरता बरतें : वृष्णि

- **संपर्क पोर्टल की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए**
- **यदि समयबद्ध निस्तारण नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारी की सीधे तौर पर जवाबदेही तय की जायेगी**



**बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित संपर्क पोर्टल की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण में ढिलाई स्वीकार नहीं की जायेगी। प्रकरणों के निस्तारण में गंभीरता बरतें। यदि समयबद्ध निस्तारण नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारी की सीधे तौर पर जवाबदेही तय की जायेगी।

सम्पर्क पोर्टल की बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने यह बात कही। जिला कलेक्टर ने कहा कि सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों में कोई भी प्रकरण निर्धारित अवधि से अधिक समय तक लंबित नहीं होना चाहिए। अधिकारी स्वयं आईडी लॉगिन करें, जवाब को पढ़कर ही अपलोड करवाया जाए। जिला कलेक्टर ने कहा कि बार बार निर्देश देने के बावजूद समुचित प्रगति नहीं होने वाले विभागों के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई होगी। निगम, बिजली विभाग, स्थानीय निकाय, पीएचईडी में सर्वाधिक प्रकरण लंबित है।

नम्रता वृष्णि ने कहा कि विभाग अध्यक्ष अपने स्तर पर सम्पर्क प्रकरणों का रिव्यू करें। अधीनस्थ अधिकारियों की लापरवाही के कारण प्रकरण एक्सकलेरेट हुआ है तो कार्यवाही प्रस्तावित करें। यदि प्रकरण स्वत एक्सकलेरेट हुआ पाया गया है सक्षम अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही होगी।

वाजिब कार्यों का प्राथमिकता से निस्तारण हो इससे संतुष्ट प्रतिशत में बढ़ोतरी हो सकेगी। उन्होंने कहा कि सम्पर्क पोर्टल का उद्देश्य आमजन को राहत देना है। विभिन्न विभागों का रिजेक्शन प्रतिशत रिलीफ से अधिक होने पर भी जिला कलेक्टर ने नाराजगी जताई। जिला कलेक्टर ने कहा कि परिवादी की संतुष्टि का भी ध्यान रखें। बिना पढ़े किसी भी स्थिति में जवाब अपलोड नहीं किया जाए। जिला कलेक्टर ने कहा कि रेंडम तरीके से जांचें गए प्रकरणों में बहुत कम परिवादी संतुष्टि पाये गए। सभी उपखंड अधिकारी और तहसीलदार भी अपने आईडी प्रतिदिन देखें और त्वरित निस्तारण की कार्रवाई की जाए।

जिला कलेक्टर ने जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सीएमओ, राजभवन के प्रकरण के जवाब में जिला स्तरीय अधिकारी टिप्पणी के साथ जवाब भिजवाएं। मानसून के मद्देनजर पोनी, बिजली विभाग, नगर निगम आदि अतिरिक्त सतर्कता रखें। नियंत्रण कक्ष चालू रहें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर उम्मेद सिंह रतनू, नगर विकास न्यास सचिव मुकेश बारहठ, उपखंड अधिकारी बीकानेर कविता गोदारा, सीएमएचओ डॉ राजेश गुप्ता, संयुक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एल. डी. पंवार, कोषाधिकारी धीरज जोशी, जिला रसद अधिकारी भागुराम महला सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**श्रीगंगानगर।** स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा द्वारा संचालित की जाने वाली विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण हेतु गठित जिला निष्पादन समिति की बैठक जिला कलेक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने 7 अगस्त को प्रस्तावित महाअभियान के तहत जिले में ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण सुनिश्चित करने के लिये शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि महाअभियान के तहत राजकीय विद्यालयों सहित विभिन्न स्थानों पर ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करवाया जाये। अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिये आवश्यक तैयारियां करने के लिये शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में पौधारोपण के साथ–साथ उनकी सार–संभाल भी नियमित रूप से सुनिश्चित की जाये ताकि पौधे बड़े होकर पेड़ बनें। ब्लॉक स्तर पर उपखण्ड अधिकारी के मार्गदर्शन में समस्त सीबीईओ कार्य करते हुए पौधारोपण महाअभियान को सफल बनायें।

# अवसाद में लड़की ने की खुदकुशी

- **दसवीं में फेल होने के बाद गुमशुम व अवसाद में रहती थी, उसने अवसाद के चलते रसोई में आत्महत्या कर ली**

**नोखा,** (कासं)। नोखा कस्बे के वार्ड 35 में एक लड़की ने अपने घर में खुदकुशी कर ली।

पुलिस के मुताबिक शनि मंदिर के पास रहने वाले प्रेमसिंह पुत्र चौखसिंह राजपूत ने रिपोर्ट में बताया कि वह सुबह मजदूरी करने गया हुआ था और उसकी पत्नी संतोष कंवर डॉक्टर को दिखाने के लिए बीकानेर गई हुई थी। पीछे से घर पर पुत्री निरमा व पूजा थी। उसकी पुत्री निरमा दसवीं में फेल होने के बाद गुमशुम व अवसाद में रहती थी। उसने अवसाद के चलते दोपहर करीब पौने एक बजे घर की रसोई में आत्महत्या कर ली।

उसकी पुत्री पूजा ने फोन कर उसे सूचना दी तो वह और उसका भाई गोपाल सिंह घर दौड़े। उसे नीचे उतारकर जिला अस्पताल में ले गए। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसे मोर्चरी में शिफ्ट कराया। पुलिस ने मृतका निरमा का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

**ट्रेन की चपेट में आने से मौत :** नोखा सुरपुरा के पास रात्रि को ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना रात्रि करीब डेढ़ बजे की है। एक अधेड़ व्यक्ति जम्मूतवी से अहमदाबाद जाने वाली ट्रेन की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर बीकानेर से जीआरपी पुलिस पहुंची और मृतक के शव को ले जाकर पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। खबर लिखे जाने तक मृतक व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# खेजड़ी की अंधाधुंध कटाई से लोगों में रोष, आंदोलन की चेतावनी

- **सोलर कंपनियां सोलर प्लांट की आड़ में राष्ट्रीय वृक्ष खेजड़ी काट रही हैं**

**छतरगढ़,**(कासं)। छतरगढ़ तहसील क्षेत्र में पिछले कई महीनों से सोलर कंपनियां सोलर प्लांट की आड़ में राष्ट्रीय वृक्ष खेजड़ी काट रही हैं। इसको लेकर वन्य व जीव रक्षा संस्थान प्रेमियों सहित क्षेत्र के लोगों में खासी नाराजगी है।

छतरगढ़ तहसील की आकावालीडेर में सोलर प्लांट कम्पनी को जमीन बेचने व लीज पर देने की आड़ में निजी फायदे के लिए बीकानेर की एक प्राईवेट फार्म की ओर से बडे॰पैमाने पर सोमवार रात्रि को खेजड़ी की कटाई की गई। इस पर पर्यावरण प्रेमियों ने तहसील कार्यालय पर जीव रक्षा संस्थान जिलाध्यक्ष मोखराम धारनियां के नेतृत्व में प्रदर्शन करते रोष जताया और उन्होंने प्रशासन पर भी कंपनियों से मिलीभगत के आरोप लगाए। इस दौरान इस आकावालीडेर में बड़ी संख्या में काटी जा रही खेजड़ी व उसके परिवहन करने वाले खिलाफ कड़ी कार्रवाई को लेकर तहसीलदार राजकुमारी भादू व थानाधिकारी संदीप कुमार को ज्ञापन सौंपा।

जीव रक्षा संस्थान छतरगढ़ इकाई अध्यक्ष देवीलाल बिश्नोई, जिलाध्यक्ष मोखराम धारणियां, हनुमान बिश्नोई, आसूराम मंडा, प्रेम रतन धारणियां, राजेन्द्र कुमार,रामकुमार बिश्नोई आदि के नेतृत्व में तहसीलदार को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि आकावालीडेर बारानी क्षेत्र में सोलर प्लांट का काम चल रहा है। सोमवार देर रात को हरे वृक्षों को अंधाधुंध काटा गया। मंगलवार सुबह मौके पर खेजड़ी की लकड़ियां मिली तथा बड़ी संख्या में लकड़ियां का अवैध तरीके से परिवहन किया गया है। तहसील अध्यक्ष बिश्नोई ने कहा कि खेजड़ी काटकर परिवहन करने वाले खिलाफ प्रशासन कड़ी कार्रवाई नहीं करता है, तो जीव रक्षा संस्थान के पदाधिकारियों सहित वन प्रेमियों को मजबूर होकर बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा।

तहसील प्रशासन ने मंगलवार को मौका मुआयना के बाद तहसीलदार ने हल्का पटवारी नवनीत सुथार ने मौका रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए। पटवारी ने 24 खेजड़ी काटकर परिवहन करना माना है। भवानी शंकर डगरवाल, रेंजर वन विभाग ने बताया कि छतरगढ़ बताया कि आकावालीडेर बारानी क्षेत्र से 24 खेजड़ी कटने की रिपोर्ट वन विभाग की ओर से राजस्व अधिकारी को पेश की गई है।

# घर की दीवार ढहने से पिता-पुत्र और दोहिती की मौत

- **छतरगढ़ थाना इलाके के एक एमडीडब्लयू में घर दी दीवार ढही**

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के छतरगढ़ थाना इलाके के एक एमडीडब्लयू में घर की दीवार ढहने से पिता–पुत्र और दोहिती की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर छतरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस के अनुसार एक एमडी डब्लयू लूण खां 45 वाली पुली में शरीफ पुत्र सादक खां का मकान है। दो दिन पहले क्षेत्र में बारिश हुई थी, जिससे दीवारों में सीलन आ रखी थी। शाम को शरीफ, उसका दस वर्षीय बेटा निदान व आठ वर्षीय दोहिती शमशाद दीवार के पास बैठे थे।

तभी अचानक से दीवार भरभरा कर गिर पड़ी, जिससे तीनों दीवार के मलबे में दब गए। आस–पड़ौस के लोगों ने उन्हें मलबे से निकाल कर रावला सीएचसी पहुंचाया, जहां निदान व शमशाद को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

वहीं घायल शरीफ को प्राथमिक उपचार करने के बाद पीबीएम अस्पताल रैफर कर दिया। यहां पर पिता ने भी कुछ देर बाद दम तोड़ दिया।

**अवैध शराब सहित गिरफ्तार :** बीछवाल पुलिस ने ठेके की अवैध ब्रांच से शराब जब्त की है। ब्रांच से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक चन्द्रभान ने बताया कि जयपुर बाईपास रोड स्थित जय भवानी नाम से शॉप है जहां पर अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना मिली। रविवार देर रात को पुलिस टीम ने वहां दबिश दी। पुलिस ने दुकान से देशी शराब के नौ कार्टन एवं बीयर के दस कार्टन बरामद किए। आरोपी अवैध रूप से शराब बेच रहा था।

आरोपी चूरू के पडिहारा निवासी महेन्द्र सिंह पुत्र विजय सिंह राजपूत को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

वहीं दूसरी ओर पुलिस ने ठेके की अवैध ब्रांच के संबंध में आबकारी विभाग के अधिकारियों को सूचित किया है। गौरतलब है जिलेभर में शराब की सैकड़ों अवैध ब्रांचें चल रही हैं।

# 'साधना, जप, तप में भाव शुद्धि आवश्यक'

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेताम्बर तपागच्छ के मुनिश्री पुष्पेन्द्र विजय .ने बुधवार को रांगड़ी चौक की तपागच्छीय पौषधशाला में नियमित प्रवचन में इलायची कुमार के दृष्टांक के माध्यम से कहा कि भाव शुद्धि से सुगुरू के दर्शन, वंदन व उनके बताए मार्ग पर चलने से केवल ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। साधना, आराधना, जप, तप में भाव शुद्धि आवश्यक है।

मुनि श्रुतानंद विजय ने कहा कि मनुष्य की गति उसकी मति, रति व स्मृति पर निर्भर है। मनुष्य की बुद्धि के अनुसार उसके कर्मों का बंधन होता है। देव, मनुष्य व त्रियंच गति मिलती है। चातुर्मास व्यवस्था से जुड़े सुरेन्द्र बद्धाणी जैन व शांति लाल कोचर ने बताया कि प्रवचन में आने वाले श्रावक–श्राविकाओं का प्रतिदिन लक्की ड्रा निकाला जाता है। पांच विजेताओं को गुरु भक्त ओसवाल शोप जयपुर की ओर से पुरस्कृत किया जाता है। वहीं प्रतिदिन आयम्बिल तपस्वियों को मातृश्री ज्योति बेन, दीपक चौपड़ा ठाणे, मुंबई की ओर से प्रभावना से सम्मानित किया जा रहा है।

आचार्य ने ढढ्ढा चौक में नियमित प्रवचन में कहा कि जैन दर्शन और सिद्धांत की जिनवाणी किसी की वकालत नहीं करती।

जिनवाणी सांसारिक विषय भोगों की आसक्ति, इच्छा, ममत्व व मूर्छा को कम कर धर्म आराधक, साधक को पापमय सांसारिक प्रवृतियों से दूर करते हुए विशुद्ध धार्मिक–अध्यात्मिक क्रिया व साधना करने का संदेश देती है। निर्णय स्वयं श्रावक–श्राविकाओं को करना होता है। परमात्मा के सिवाय दुनियां में कोई किसी का दुख दूर नहीं कर सकता।

# कावनी स्कूल में पौधारोपण कर विद्यार्थियों को देखभाल का संकल्प दिलाया

- **कावनी क्षेत्र के किसानों को खेती की नई तकनीकों की जानकारी दी**




**कृषि विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. अरूण कुमार सिंह और जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कावनी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। विश्वविद्यालय सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव कावनी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को पौधारोपण किया गया।

कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरूण कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा गत साढे तीन वर्षों में यहां अनेक कार्य किए गए हैं। इसमें प्रशासनिक विभागों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के किसानों को खेती की नई तकनीकों की जानकारी उपलब्ध करवाई जाती है। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि क्षेत्र के किसान आर्थिक रूप से सशक्त हों। खेती की लागत मूल्य में कमी आए और उत्पादन बढ़े।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशों की पालना में जिले में सघन पौधरोपण किया जा रहा है। जिले के स्कूलों में भी बड़ी संख्या में पौधे लगाए जा रहे हैं। ग्रामीण और विद्यार्थी इन पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लें। उन्होंने बताया कि गत दिनों जिले में एक दिन में एक लाख पौधे लगाये गए। आगे भी इस मुहिम को जारी रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में कॅरियर से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी कृषि शिक्षा से जुड़ सकें।

कुलसचिव डॉ. देवाराम सैनी ने कहा कि क्षेत्र के किसान खेती की नई तकनीकों का उपयोग करें। विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. सुभाष चंद्र ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत गांव में किए गए कार्यों की जानकारी दी। सरपंच ममता मेघवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय और प्रशासन के सहयोग से क्षेत्र को भरपूर लाभ मिला है।

